बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल

क्रमांक / 26 / रासेयो / 2019 /

भोपाल, दिनांक 23 / 04 / 2019

प्रति,

विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त समस्त महाविद्यालय प्राचार्य,
एवं
विभागाध्यक्ष समस्त शैक्षणिक विभाग, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

**विषयः— " लोकसभा निर्वाचन 2019 में मतदाता जागरूकता हेतु कार्यवाही करने के सम्बंध में**

संदर्भ :— मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का पत्र क. 70 / 09 / स्वीप / 2019 / 9545 एवं कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा म.प्र. शासन सतपुड़ा भवन भोपाल का पत्र क. 348 / 1000 / स्वीप / आउशि / शा—1 / 2018, भोपाल दि.12 / 04 / 19

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के अनुपालन में अवगत कराना है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा मतदाता जागरूकता एव शतप्रतिशत मतदान हेतु विश्वविद्यालय प्रांगढ़, विश्वविद्यालय के सभी विभागों एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी शैक्षणिक संस्थानों में आवश्यक कार्यक्रम एवं प्रचार प्रसार की गतिविधियां की जाना हैं।

1. महत्वपूर्ण स्थलों पर पोस्टर, बैनर व होर्डिंग्स लगाये जायें तथा दीवारों पर स्लोगन अंकित कराये जायें।
2. समाज में नैतिक एवं अनिवार्य मतदान का वातावरण निर्मित करने हेतु विद्यार्थियों द्वारा रैली, चौपाल, नुक्कड़ नाटक, गीत संगीत व अन्य माध्यमों से जनजागरूकता अभियान चलाए जाएं ।
3. दिव्यांगजनों के सुगम मतदान हेतु दिव्यांग मित्र स्वैछिक स्वयंसेवक के रूप में सेवायें देने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया जाए ।
4. कार्यालय द्वारा किये जाने वाले पत्राचार में पत्रों के फुटर में " संकल्प शतप्रतिशत मतदान का" अंकित करना सुनिश्चित किया जाय ।
5. संदेश प्रसारण हेतु यदि कोई पब्लिक एनाउंसमेंट सुविधा उपलब्ध है तो आयोग द्वारा अनुमोदित जिंगल्स, ऑडियो आदि का प्रसारण किया जाये ।
6. कार्यालयों में स्थित डिस्प्ले सिस्टम के माध्यम से आयोग द्वारा अनुमोदित वीडियो / लघु फिल्म का प्रसारण किया जाये ।

   उपरोक्त कार्यवाही हेतु स्लोगन्स, आडियो, वीडियो, लघु फिल्म, जिंगल्स, पोस्टर्स, बैनर्स, होर्डिंग्स आदि सामग्री मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेवसाइट **www.ceomp.nic.in** एवं जनसम्पर्क विभाग की वेवसाइट **www.mpinfo.org** से या विश्वविद्यालय की वेवसाइट से लेकर उपयोग किये जा सकते हैं ।

अतः कृपया प्राथमिकता से इस कार्य को करने हेतु सम्बंधित प्रभारी को निर्देशित करने का कष्ट करें तथा कृत कार्यवाही से कुलसचिव के मेल या **nssco.bubpl@gmail.com** पर अवगत करायें ।

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

पृ-क्रमांक 27 / 2019 / भोपाल दि. 23/04/2019

प्रतिलिपि

1. उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ
2. आयुक्त, उच्च शिक्षा, म.प्र. शासन सतपुड़ा भवन भोपाल की ओर सूचनार्थ
3. निज सचिव के माध्यम से कुलपति जी की ओर सूचनार्थ
4. आई टी सेल को वेव साइट पर प्रकाशनार्थ

कार्यक्रम समन्वयक रासेयो